कार्यालय
# मुख्य मंत्री, उत्तर प्रदेश
लोक भवन, लखनऊ

संख्या 68 /(ई-ऑफिस)/34-सा0वि0प्र0/2025 दिनांक 09/12/2025

**ई-ऑफिस**

प्रिय महोदय,

समस्त शासकीय कार्यालयों में 100% ई-गवर्नेंस की व्यवस्था प्रदेश सरकार का महत्वपूर्ण लक्ष्य है। शासनादेश संख्या-09/2018/418/78-2-2018-80 आईटी/2017 टीसी, दिनांक 25 जून, 2018 के अनुपालन में शासकीय कार्य-पद्धति को पेपरलैस ऑफिस' में परिवर्तित करके शासकीय कार्य संचालन क्षमता में सार्थक सुधार के लक्ष्य के साथ-साथ सचिवालय स्थित समस्त विभागों / कार्यालयों में ई-आफिस प्रणाली सफलतापूर्वक संचालित है। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री कार्यालय के पत्र संख्या आर-81 (ई-ऑफिस)/चौंतीस-सा0वि0प्र0-2024 दिनांक 20 दिसम्बर, 2024 में दिए गए निर्देशों के अनुपालन में समस्त निदेशालयों/ मुख्यालयों/ स्वायत्तशासी संस्थाओं में भी ई-ऑफिस सफलतापूर्वक संचालित है।

2- उपर्युक्त शासनादेश दिनांक 25 जून, 2018 के प्रस्तर-3 में व्यवथा दी गई थी कि "ई-ऑफिस प्रणाली लागू होने के उपरान्त समस्त जनपदों/ विभागाध्यक्ष कार्यालयों तथा शासन के मध्य पत्राचार, ट्रांजेक्शन तथा सूचनाओं का (Two-Way) आदान-प्रदान ऑनलाईन किया जायेगा तथा पत्रावलियों का आदान-प्रदान मैनुअली नहीं किया जायेगा।"

उक्त के क्रम में नोडल एजेंसी UPLC द्वारा दिनांक 08 दिसंबर, 2025 को उपलब्ध कराई गई संलग्न रिपोर्ट की समीक्षा में पाया गया कि **अभी भी कतिपय जनपदों में उपजिलाधिकारी/ खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय ई-ऑफिस से आच्छादित नहीं किए गए हैं, उन कार्यालयों में अभी भी पत्रावलियों एवं पत्रों का व्यवहरण ई-ऑफिस के स्थान पर मैनुअली किया जा रहा है।** यह स्थिति कदापि स्वीकार्य नहीं है।

3- उक्त स्थिति पर मा० मुख्यमंत्री जी द्वारा अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए अपेक्षा की गई है कि एक अभियान चलाकर दिनांक 15 दिसम्बर, 2025 तक कृपया इन सभी कार्यालयों को भी ई-ऑफिस से आच्छादित कराया जाए एवं प्रदेश के समस्त कार्यालयों में प्रत्येक दशा में पत्रावलियों का व्यवहरण एवं पत्राचार ई-ऑफिस के माध्यम से ही किया जाए। किसी भी दशा में ऑफलाइन पत्रावलियों का व्यवहरण व पत्राचार स्वीकार न किया जाए।

किसी भी तकनीकी समस्या के निवारण हेतु https://uplc.in/en/Eoffice पर उपलब्ध ई-ऑफिस यूनिट के अधिकारियों से दूरभाष/ ई-मेल के माध्यम से सम्पर्क किया जा सकता है।

**संलग्नक: उक्तवत।**

सादर/

**(संजय प्रसाद)**
प्रमुख सचिव, मुख्यमंत्री।

**1- समस्त जिलाधिकारी,**
उत्तर प्रदेश। (संलग्नसूची के अनुसार)

**2-समस्त मुख्य विकास अधिकारी,**
उत्तर प्रदेश। (संलग्नसूची के अनुसार)

संख्या व दिनांक-तदैव।

प्रतिलिपि- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1 निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/ सचिव/ विशेष सचिव, मुख्यमंत्री उ०प्र० शासन।
2 प्रमुख सचिव, आई०टी० एवं इलैक्ट्रॉनिक्स विभाग, उ०प्र०शासन।
3 प्रबन्ध निदेशक, यूपीडेस्को/यू.पी. इलेक्ट्रॉनिक्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड, लखनऊ।
4 राज्य सूचना विज्ञान अधिकारी, NIC उत्तर प्रदेश।
5 वरिष्ठ निदेशक आई०टी० (श्री शैलेश श्रीवास्तव), NIC उत्तर प्रदेश।

(अरविन्द मोहन)
संयुक्त सचिव, मुख्यमंत्री।

## Summary of Tehsil offices in Districts as on 08-12-2025

| S. No | District Name | Total Tehsils | eoffice GoLive | Not Live | Completion % |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Deoria | 5 | 0 | 5 | 0% |
| 2 | Gautam Buddha Nagar | 3 | 0 | 3 | 0% |
| 3 | Mahoba | 3 | 0 | 3 | 0% |
| 4 | Varanasi | 3 | 0 | 3 | 0% |
| 5 | Lakhimpur Kheri | 7 | 1 | 6 | 14% |
| 6 | Saharanpur | 5 | 1 | 4 | 20% |
| 7 | Ambedkar Nagar | 5 | 1 | 4 | 20% |
| 8 | Jhansi | 5 | 1 | 4 | 20% |
| 9 | Kanpur Nagar | 4 | 1 | 3 | 25% |
| 10 | Gorakhpur | 7 | 2 | 5 | 29% |
| 11 | Meerut | 3 | 1 | 2 | 33% |
| 12 | Raebareli | 6 | 2 | 4 | 33% |
| 13 | Unnao | 6 | 3 | 3 | 50% |
| 14 | Fatehpur | 3 | 2 | 1 | 67% |
| 15 | Kushinagar | 6 | 4 | 2 | 67% |
| 16 | Aligarh | 5 | 4 | 1 | 80% |
| 17 | Pilibhit | 5 | 4 | 1 | 80% |
| 18 | Banda | 5 | 4 | 1 | 80% |

## Summary of Block offices in Districts as on 08-12-2025

| S.No | District Name | Total Blocks | eoffice GoLive | Not Live | Completion % |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Kanpur Nagar | 10 | 0 | 10 | 0% |
| 2 | Shamli | 5 | 0 | 5 | 0% |
| 3 | Ghaziabad | 4 | 0 | 4 | 0% |
| 4 | Gautam Buddha Nagar | 3 | 0 | 3 | 0% |
| 5 | Sitapur | 19 | 1 | 18 | 5% |
| 6 | Fatehpur | 13 | 1 | 12 | 8% |
| 7 | Mathura | 10 | 2 | 8 | 20% |
| 8 | Amroha | 6 | 3 | 3 | 50% |
| 9 | Chitrakoot | 5 | 3 | 2 | 60% |
| 10 | Lucknow | 8 | 5 | 3 | 63% |
| 11 | Bareilly | 15 | 11 | 4 | 73% |
| 12 | Ghazipur | 16 | 14 | 2 | 88% |
| 13 | Hardoi | 19 | 17 | 2 | 89% |
| 14 | Jalaun | 9 | 8 | 1 | 89% |
| 15 | Aligarh | 12 | 11 | 1 | 92% |
| 16 | Unnao | 16 | 15 | 1 | 94% |
| 17 | Jaunpur | 21 | 20 | 1 | 95% |